>

Title: Need to give full wages and social security to the Beedi workers of Bhandara and Gondia districts in Maharashtra - Laid.

श्री शिशुपाल एन. पटले (भन्डारा) : अध्यक्ष महोदय, महाराष्ट्र के भंडारा, गोंदिया जिले में पिछले 50 वर्षों से बीड़ी बनाने का काम चल रहा है। करीबन 2 लाख बीड़ी मजदूर इस उद्योग पर निर्भर है। बीड़ी कंपनी द्वारा 14 घंटे काम कराने के बाद भी मजदूरों को प्रति हजार 20 रूपये दिये जाते हैं, जबकि न्यायालय के निर्णयानुसार उन्हें 69 रूपये प्रति हजार मिलना चाहिए। बहुत से कामगारों को कंपनी द्वारा कार्ड नहीं दिये जा रहे हैं, जिसके कारण उन्हें पी.एफ., स्वास्थ्य सुविधा, छात्रों को स्कॉलरशिप एवं पेंशन से वंचित रहना पड़ता है।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त मामले की जांच कर बीड़ी मजदूरों को उचित मजदूरी दिलाए तथा पेंशन रू0 1500/- तक बढ़ाई जाये।